# ब्रैम्पटन में फैमिली डे 2020

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (11 फरवरी, 2020) – फैमिली डे (Family Day) हमारे समुदाय के परिवारों के महत्व को मान्यता देता है। निवासियों को प्रोत्साहित किया जाता है कि वे अपने प्रियजनों के साथ समय बिताएं!

इस वर्ष, फैमिली डे, सोमवार, 17 फरवरी, 2020 को मनाया जाएगा। इसके परिणामस्वरूप, कई सिटी सेवाएं उपलब्ध नहीं होंगी अथवा कम किए स्तरों पर कार्य करेंगी।

ब्रैम्पटन सिटी हॉल (City Hall), फैमिले डे के अवसर पर बंद रहेगा। निवासी इस समय के दौरान व्यक्तिगत तौर पर शादी के लाइसेंसों के लिए आवेदन नहीं कर पाएंगे, सिविल वेडिंग समारोहों के लिए बुकिंग नहीं कर पाएंगे, पार्किंग संबंधी जुर्माने नहीं दे पाएंगे अथवा परमिटों के लिए आवेदन नहीं कर पाएंगे, या बिजनेस लाइसेंसों का नवीनीकरण करने या इन्हें लेने के लिए आवेदन नहीं कर पाएंगे।

कई सेवाएं सामान्य ढंग से काम करना जारी रखेंगी जिनमें शामिल हैं, फायर एंड एमरजेंसी सर्विसिज (Fire and Emergency Services) और सिटी ऑफ ब्रैम्पटन बाइ-लॉ एन्फोर्समेंट (City of Brampton By-law Enforcement) और एनिमल कंट्रोल (Animal Control)।

निवासी किसी भी पूछताछ के लिए 311 पर अथवा 905.874.2000 (ब्रैम्पटन के बाहर से) पर फोन कर सकते हैं, ब्रैम्पटन 311 (Brampton 311) ऐप (यह ऐप स्टोर (App Store) अथवा Google Play (गूगल प्ले) पर उपलब्ध है) का उपयोग कर सकते हैं अथवा 311@brampton.ca पर ईमेल कर सकते हैं। हम सिटी ऑफ ब्रैम्पटन अथवा रीजन ऑफ पील (Region of Peel) के किसी भी मुद्दों के लिए 24/7 उपलब्ध हैं। इन मुद्दों में शामिल हैं, पार्किंग, कूड़ा संग्रहण, रेक्रिएशन प्रोग्राम आदि।

**ब्रैम्पटन ट्रांज़िट**

ब्रैम्पटन ट्रांज़िट (Brampton Transit), फैमिली डे को रविवार/छुट्टी वाले दिन की सेवा प्रदान करेगा। हमारे टर्मिनल्स के ग्राहक सेवा काउंटर बंद रहेंगे।

रूट और कार्यक्रम के बारे में जानकारी के लिए, 905.874.2999 पर कॉल करें अथवा www.bramptontransit.com पर जाएं। रियल-टाइम में अगली बस के बारे में जानकारी के लिए, किसी स्मार्टफोन अथवा किसी अन्य मोबाइल डिवाइस द्वारा nextride.brampton.ca पर जाएं। सफर की योजना वाले अन्य टूल्स के लिए, www.triplinx.ca पर अथवा गूगल मैप्स (Google Maps) पर जाएं।

**ब्रैम्पटन रेक्रिएशन**

अपने पड़ोस के सामुदायिक केंद्र में कई मज़ेदार और परिवार-अनुकूलित गतिविधियों के लिए फैमिली डे को हमारे साथ शामिल हों। गतिविधियों की पूरी समय सूची ऑनलाइन www.brampton.ca/recreation पर देखें।

**ब्रैम्पटन एनिमल सर्विसिज**

ब्रैम्पटन एनिमल शेल्टर (Brampton Animal Shelter) फैमिली डे को बंद रहेगा। अधिक जानकारी के लिए, 905.458.5800 अथवा 311 पर फोन करें अथवा www.brampton.ca/animalservices पर जाएं।

**ब्रैम्पटन लाइब्रेरी**

ब्रैम्पटन लाइब्रेरी की सभी ब्रांच, फैमिली डे को बंद रहेंगी। फैमिली के भाग के तौर पर, स्ट्रीमिंग मूवीज देखें और संगीत सुनें या eBook पढ़ें! हमारे डिजीटल उत्पादों, प्रोग्रामों और सेवाओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए, www.bramptonlibrary.com पर जाएं अथवा 905.793.4636 पर फोन करें।

-30-

**मीडिया संपर्क**
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca